राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने प्राकृतिक ऊर्जा संरक्षण के देशव्यापी अभियान 'सक्षम 2021' का किया शुभारम्भ

प्राकृतिक संसाधनों के सतर्कता से उपयोग का राज्यपाल ने किया आह्वान

पैट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण को सभी स्तरों पर अपनाएं –राज्यपाल

जयपुर, 16 जनवरी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ सतत विकास की सोच से कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पैट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण को सभी स्तरों पर अपनाने से ही विकास का समान रूप से सभी को लाभ मिल सकता है।

श्री मिश्र शनिवार को पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण के लिए देशभर में चलाये जाने वाले सक्षम 2021, अभियान के ऑनलाइन उद्घाटन पश्चात सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम दोहन की नींव पर लंबे समय तक विकास टिक नहीं सकता। इसलिए यह जरूरी है कि तेल की प्रत्येक बूंद को बचाने में हर व्यक्ति अपना योगदान दें। उन्होंने आम जन को यथासम्भव सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, जब भी सम्भव हो साईकल का उयोग करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन–एलपीजी अथवा पीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये भी यह हम सबका कर्तव्य है।

श्री मिश्र ने ऊर्जा संरक्षण के लिए जन जन को प्रेरित करने पर जोर देते हुए कहा कि ऊर्जा की बचत से ही भविष्य बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक ऊर्जा के लिए सुनियोजित सोच से कार्य करके ही पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सकता है। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों के अधिक उपयोग से वातावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैस के तेजी से बढ़ने और हवा की गुणवत्ता में हो रही गिरावट की चर्चा करते हुए ऐसे उत्पादों के उपयोग में सावधानी और सतर्कता बरते जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसी से हम आने वाली पीढ़ी को सुखद भविष्य दे पाएंगे।

राज्यपाल ने सौर और पवन ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में इसी उद्देश्य से सौर ऊर्जा के प्लांट लगाए जाने की पहल की गई है। उन्होंने देश में ईंधन की बचत के लिए सभी स्तरों पर जागरूकता रखते हुए कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई।

इससे पहले इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक श्री सुनील गर्ग, हिंदुस्तान पैट्रोलियम के महाप्रबंधक श्री संजय कुमार शर्मा, गेल इंडिया के श्री रवि अग्रवाल और भारत पैट्रोलियम के श्री संजय चौबे ने पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण हेतु मनाए जाने वाले एक माह के 'सक्षम' जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी।

———

राज्यपाल से मेवाड़ राजपरिवार के लक्ष्यराज सिंह मेवाड की शिष्टाचार भेंट राज्यपाल ने किया लक्ष्यराज सिंह मेवाड को सम्मानित

जयपुर, 16 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को मेवाड़ राजपरिवार के श्री लक्ष्यराज सिंह मेवाड एवं उनकी धर्मपत्नी निवृत्ति कुमारी ने मुलाकात की।

राज्यपाल ने श्री मेवाड़ को 'कोविड–19' वैश्विक महामारी में अनाथ, बेसहारा एवं निराश्रितों के सेवा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने राज्य में सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और विकास, पर्यटन और खेल गतिविधियों को बढावा देने, वस्त्र दान, पौधारोपण और विद्यालयों में शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाने आदि में किए लक्ष्यराज सिंह मेवाड के योगदान की सराहना की ।

———

टीकाकरण अभियान की शुरूआत पर राज्यपाल ने दी बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 16 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश में शुरू दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

श्री मिश्र ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर टीकाकरण का यह ऐतिहासिक अभियान है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े कोरोना वैक्सीनेशन प्रोग्राम को शुरू करने के साथ ही दो कोरोना वैक्सीन तैयार करने पर वैज्ञानिकों को बधाई भी दी।

श्री मिश्र ने राज्य में पहला टीका लगवाने पर एसएमएस के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी को भी बधाई दी। उन्होंने टीकाकरण के साथ ही कोरोना के एहतियाती उपाय मास्क लगाने, दो गज की दूरी बनाए रखने और स्वच्छता को निरन्तर अपनाने की भी अपील की है।

———